4th July, 2024

| The National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C/1, G Block<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>**Mumbai- 400 051**<br><br>**NSE Symbol : HAVELLS** | BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>**Mumbai- 400 001**<br><br>**Scrip Code : 517354** |
|---|---|

**Sub: Newspaper Advertisement on loss of share certificates**

Dear Sir,

Please find attached a copy of the Newspaper clippings of the Notice published by the Company regarding Loss of Share Certificates in the Economic Times (English) & Jansatta (Hindi) editions of 4th July, 2024.

The above is for your information and records.

Thanking you.

Yours faithfully,
for **Havells India Limited**

SANJAY KUMAR GUPTA
Digitally signed by SANJAY KUMAR GUPTA
Date: 2024.07.04 14:20:52 +05'30'

**(Sanjay Kumar Gupta)**
**Company Secretary**

**Encl: as above**

HAVELLS INDIA LTD.
Corporate Office: QRG Towers, 2D, Sector 126, Expressway, Noida - 201304, U.P (INDIA). Tel: +91-120-3331000, Fax: +91-120-3332000, E-mail: marketing@havells.com, www.havells.com
Registered Office: 904, 9th Floor, Surya Kiran Building, K.G. Marg, Connaught Place, New Delhi - 110001. (INDIA)
For CARE 360, Call us : for Havells : 08045771313, for Lloyd : 08045775666. CIN: L31900DL1983PLC016304

## खबर कोना

### मुख्यमंत्री के आवास के निर्माण में अनियमितता, दो अभियंता निलंबित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के निर्माण से संबंधित कथित अनियमितताओं में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के बाद पीडब्ल्यूडी के दो वरिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। पांच अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वर्तमान में कार्यरत और सेवानिवृत्त या स्थानांतरित किए गए अभियंता सहित, छह फ्लैगस्टाफ रोड पर मुख्यमंत्री के पुराने आधिकारिक आवास को कथित रूप से ध्वस्त करने और उसके स्थान पर 50 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से एक नए आवास के निर्माण में शामिल थे। कार्रवाई को मंजूरी देते हुए एलजी ने कहा कि मुख्यमंत्री के लिए नए घर के निर्माण में सभी नियमों, विनियमों और औचित्य का उल्लंघन किया गया है।

### डीसीडब्लू की दो सदस्यों ने मालीवाल के आरोप किए खारिज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्लू) की दो सदस्यों ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ आयोग की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल के आरोपों को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया। मालीवाल को पत्र लिखने वाली समिति की सदस्यों फिरदौस खान और किरण नेगी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर आयोग की धनराशि रोकने का भी आरोप लगाया।

### कांग्रेस ने 14 जिलों में नियुक्त किए पर्यवेक्षक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने सभी 14 जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नवनियुक्ति प्रर्यवेक्षकों को बधाई दी। नई दिल्ली में हरि शंकर गुप्ता, जगजीवन शर्मा और अकांक्षा ओला को जिम्मेदारी दी गई है। करोल बाग की महमूद जिया, संजय शर्मा और सुरत सिंह सैनी, चांदनी चौक की विजय लोचव, अब्दूल हन्ना, राज कुमार जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निर्माणाधीन पुल से गिर कर मजदूर की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

यमुना नदी पर लोहे के पुल के बगल में बन रहे नए पुल के ऊपर से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजपाल (39) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक राजपाल, शास्त्री पार्क इलाके में परिवार के साथ रहते थे। शास्त्री पार्क थाना पुलिस को सोमवार शाम करीब 7:28 बजे एक मजदूर के यमुना पर लोहे के पुल के बगल में बन रहे निर्माणाधीन पुल के ऊपर से एक मजदूर के गिरने की सूचना मिली थी।

धनशोधन मामला : राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ाई

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर पांच को सुनवाई करेगा हाई कोर्ट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष अदालत ने बुधवार को शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 12 जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने पर वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। वहीं, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट पांच जुलाई को सुनवाई करेगा। केजरीवाल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की अपील की, जिस पर अदालत ने कहा कि इस पर शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी।

**सीबीआइ ने आप संयोजक को 26 जून को किया था गिरफ्तार।**

सीबीआइ द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता रजत भारद्वाज ने कहा कि उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना याचिकाकर्ता को अवैध हिरासत में लिया गया। वकील ने याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार का दिन तय करने का आग्रह किया, जिस पर न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि न्यायाधीश को कागजात देखने दीजिए। इसके एक दिन बाद हम सुनवाई करेंगे। आप संयोजक को 26 जून को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन मामले के सिलसिले में केजरीवाल वहां अब भी न्यायिक हिरासत में हैं। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल ने अधीनस्थ अदालत के एक जुलाई के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसमें वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने वकीलों से हर हफ्ते दो अतिरिक्त मुलाकात के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश देने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। केजरीवाल ने सीबीआइ के मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। अदालत ने नोटिस जारी किया था और दलीलें पेश किए जाने के लिए 17 जुलाई को इसे सूचीबद्ध करते हुए सीबीआई को जवाब दाखिल करने को कहा है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और 20 जून को अदालत ने धनशोधन मामले में जमानत दी थी।

### स्वास्थ्य जांच के दौरान सुनीता केजरीवाल के उपस्थित रहने पर फैसला रखा सुरक्षित



इस बीच, राउज एवेन्यू विशेष अदालत ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को उनकी स्वास्थ्य जांच के दौरान सहायक के रूप में उपस्थित रहने की अनुमति देने संबंधी आवेदन पर अपना आदेश छह जुलाई तक सुरक्षित रख लिया। कार्यवाही के दौरान केजरीवाल ने केजरीवाल ने कहा कि उनकी पत्नी ने वर्षों से उनके स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और चूंकि उन्हें उनकी बीमारियों व चिकित्सा इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी है।

### सिसोदिया, कविता की न्यायिक हिरासत भी बढ़ी

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया।



प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन करते छात्र संगठनों के सदस्य।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के छात्र संगठनों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित कई प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बुधवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।

वाम समर्थित आल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआइ) और आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआइएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्य मार्च निकालने के लिए विरोध स्थल पर एकत्र हुए। छात्र समूहों के मार्च का उद्देश्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को खत्म करने, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षाओं के विकेन्द्रीकरण की अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाना है।

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सिर मुंडवाए

कांग्रेस की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस ने भी इसी मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने अपने सिर भी मुंडवाए। पिछले सप्ताह एनटीए कार्यालय में घुसने और उसके प्रवेश द्वार पर ताला और चेन लगाने के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।

# संगम विहार में चाकूबाजी में एक की मौत, दूसरा घायल

## आटो में सवार युवकों पर टैंकर से गिरा पानी, कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में हुआ पथराव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

संगम विहार थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को दो पक्षों में जमकर चाकूबाजी हुई। वारदात में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। लोगों ने इस दौरान एक पानी के टैंकर पर पथराव किया। मृतक की पहचान संगम विहार निवासी सहबाद उर्फ सद्दाम उर्फ सहदाब के तौर पर की गई है। वहीं, घायल की पहचान बबलू के तौर पर की गई है। पहले बबलू को पास के मजिदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**घायल को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया, पुलिस ने कहा, मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।**

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि रास्ते में एक आटो खराब हो गया था। इसी बीच टैंकर वाला आया था। पानी के छिटें टैंकर से आटो में सवार आरिफ खान उर्फ विशु और सकील को पड़ गए। इसे बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने टैंकर पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान एक शख्स टैंक के पहिया के नीचे आ गया, जिसकी बाद में पहचान सहबाद उर्फ सद्दाम उर्फ सहदाब के तौर पर की गई। वहीं, टैंकर चालक सपन सिंह टैंकर छोड़कर जान बचाकर मौके से भाग खड़ा हुआ।

पुलिस ने बताया इसी बीच बबलू आटो लेकर पहुंचा और कहने लगा कि किस कारण लड़ाई कर रहे हो, तभी आरोपियों ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**हैवेल्स इंडिया लिमिटेड**

रजि. ऑफिस: 904, 9वी मंजिल, सूर्या किरन बिल्डिंग, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110 001, कॉर्पोरेट ऑफिस: क्यूआरजी टॉवर्स, 2डी, सेक्टर–126, एक्सप्रेसवे, नोएडा–201 304 (उ.प्र.), फोन: +91-120-3331000, फैक्स: +91-120-3332000, वेब: www.havells.com ई–मेल: investors@havells.com, CIN - L31900DL1983PLC016304

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र के खो जाने/गुम होने की सूचना दी गई है और जिसे ढूंढा नहीं जा सकता है। यदि इस नोटिस की तिथि से 15 दिनों के भीतर कंपनी द्वारा कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी इसके बदले में डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगी:

| फोलियो नंबर | पंजीकृत शेयरधारक का नाम | सर्टिफिकेट नंबर | विशिष्ट संख्या से – तक | शेयरों की संख्या (प्रत्येक 1 रुपये) |
|---|---|---|---|---|
| 0007841 | कस्तूरी सुखवाला | 155 | 975001 से 983000 | 8000 |

कृते हैवेल्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
कंपनी सचिव
नोएडा, 03 जुलाई, 2024

HAVELLS

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा

# अस्थियों की जांच में निर्धारित ऊपरी आयु यौन उत्पीड़न पीड़िता की उम्र मानी जाए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 जुलाई।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यौन उत्पीड़न पीड़िता की उम्र उसकी अस्थियों की आयु के आधार पर निर्धारित किए जाते समय, रिपोर्ट में दिए गए संदर्भ 'रेंज' में ऊपरी उम्र पर विचार किया जाना चाहिए व पाक्सो कानून से जुड़े मामलों में दो साल का 'मार्जिन आफ एरर' रखे जाने की जरूरत है।




उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर बुधवार को अपलोड किए गए फैसले में, न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने कहा कि देश की कानून प्रणाली के अनुसार, यदि जरा भी संदेह हो तो इसका लाभ आरोपी को मिलना चाहिए। पीठ का यह फैसला, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पाक्सो) मामले की सुनवाई कर रही एक अधीनस्थ अदालत से प्राप्त संदर्भ पर आया। मामले में पीड़िता की उम्र, उसकी अस्थियों की आयु की जांच के आधार पर 16 से 18 वर्ष के बीच निर्धारित की गई थी।

उम्र बढ़ने के साथ अस्थियों के मजबूत होने के आधार पर व्यक्ति की आयु निर्धारित करने में इस जांच का उपयोग किया जाता है। अधीनस्थ अदालत में यह दलील दी गई कि ऊपरी आयु सीमा पर विचार करते हुए तथा दो वर्ष की त्रुटि होने के अंतर को ध्यान में रखते हुए पीड़िता की उम्र को 20 वर्ष माना जाना चाहिए। अधीनस्थ अदालत के संदर्भ का जवाब देते हुए पीठ ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के कुछ फैसलों पर गौर किया।

**आम सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय द्वारा मैसर्स यूटिलिटी एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम–शाहपुर बम्हेटा, महरौली, तहसील एवं जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, को ई० सी० आईडेन्टिफिकेशन नं० EC24B3812UP5892626N दिनांक 26.06.2024 के द्वारा प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना "पार्क टाउन" को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गयी है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति की प्रति विभाग की वेबसाईट https://parivesh.nic.in (https://environmentclearance.nic.in) एवं उ० प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के पास उपलब्ध है।

मैसर्स यूटिलिटी एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड
ग्राम–शाहपुर बम्हेटा, महरौली, तहसील एवं जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

**आम सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय द्वारा मैसर्स अग्रवाल एसोसिएट्स (प्रमोटर्स) लिमिटेड, ग्राम–शाहपुर, बम्हेटा, परगना–डासना, तहसील एवं जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, को ई० सी० आईडेन्टिफिकेशन नं० EC24B3812UP5485066N दिनांक 20.06.2024 के द्वारा प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना "आदित्य वर्ल्ड सिटी" को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गयी है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति की प्रति विभाग की वेबसाईट https://parivesh.nic.in (https://environmentclearane.nic.in) एवं उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के पास उपलब्ध है।

मैसर्स अग्रवाल एसोसिएट्स (प्रमोटर्स) लिमिटेड
ग्राम–शाहपुर, बम्हेटा, परगना–डासना, तहसील एवं जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

**संस्कृति मंत्रालय**
भारत सरकार

**प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय**
द्वारा आयोजित
**सार्वजनिक व्याख्यान**
**द मुगल इंगेजमेंट विद ए संस्कृत टेक्सट: दारा शिकोह एंड योगवासिष्ठ**
में
आप सादर आमंत्रित हैं।
**वक्ता: डॉ. मोहसिन अली**
सीनियर फेलो, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय
दिनांक : 4 जुलाई 2024, गुरुवार; समय : अपराह्न 3.00 बजे
**स्थल :**
संगोष्ठी कक्ष, पुस्तकालय भवन
प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय
तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली–110011
**सभी का स्वागत है।**
अपना नाम जोड़ने के लिए कृपया हमें ईमेल करें ccs2nmml@gmail.com
CBC 09142/12/0013/2425

**पंजाब नैशनल बैंक** ......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

**जोनल सस्त्र सेंटर दिल्ली, प्रथम तल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066, ईमेल : zs8343@pnb.co.in**

**अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों के विक्रयार्थ ई–नीलामी विक्रय सूचना।**

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधककृत/प्रभारित निम्न विवरणित अचल संपत्तियां, जिसका रचनागत/भौतिक/सांकेतिक अधिग्रहण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा कर लिया गया है, का विक्रय संबंधित ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) की ओर से बैंक/प्रतिभूत ऋणदाता को देय–भुगतेय इनकी बकाया देयराशियों की वसूली के लिए, यहां इसमें निम्न तालिका में अंकितानुसार तिथि पर **"जैसी हैं जहां हैं", "जैसी हैं जो हैं" तथा "वहां जो कुछ भी हैं"** आधार पर किया जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा, संबंधित संपत्तियों के समक्ष निम्न तालिका में अंकितानुसार होंगे।

**प्रतिभूत परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| लॉट नं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणकर्ता / गारंटरों का नाम एवं पता, खाता | बंधककृत अचल संपत्तियों का विवरण / स्वामी का नाम (संपत्ति(यों) के बंधककर्तागण) | क) सरफॉएसि अधि. 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि ख) .......... के अनुसार बकाया राशि ग) सरफॉएसि अधि. 2002 की धारा 13(4) के तहत अधिग्रहण तिथि घ) अधिग्रहण की प्रकृति (सांकेतिक / भौतिक / रचनागत) | क) आरक्षित मूल्य ख) धराज (धराज जमा की अंतिम तिथि) ग) बोली वृद्धि राशि घ) संपत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि / समय | प्रतिभूत ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभारों के विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं संपर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोनल सस्त्र दिल्ली / **मैसर्स मॉडर्न कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड** / **1) मेसर्स मॉडर्न कंस्ट्रक्शन कंपनी (दिल्ली),** 902, आकाश दीप बिल्डिंग, 26–ए, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली–110001 **2) श्री निर्मल जैन पुत्र एम. के. जैन,** पताः एच. नं. 74, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग, नई दिल्ली–110092 और यह भीः डब्ल्यू–130, द्वितीय तल, फ्लैट नं.–3, बलवंत राय स्कूल के सामने, जीके–II, ग्रेटर कैलाश, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली–110048 **3) श्री मनीष जैन पुत्र एम. के. जैन,** पताः एच. नं. 74, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग, नई दिल्ली–110092 और यह भीः डब्ल्यू–130, तृतीय तल, फ्लैट नं.–5, सामने बलवंत राय स्कूल, जीके–II, ग्रेटर कैलाश, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली–110048 **4) श्रीमती अलका जैन पत्नी निर्मल** जैन, पताः एम–27, द्वितीय तल, एम–ब्लॉक मार्केट, जीके–II, नई दिल्ली–110048 और यहां भीः डब्ल्यू–130, द्वितीय तल, फ्लैट नंबर–3, बलवंत राय स्कूल के सामने, जीके–II, ग्रेटर कैलाश, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली–110048 **5) श्रीमती तनुजा जैन पत्नी मनीष जैन,** पताः एम–27, द्वितीय तल, एम–ब्लॉक मार्केट, जीके–II, नई दिल्ली–110048 और यहां भीः डब्ल्यू–130, तृतीय तल, फ्लैट नंबर–5, बलवंत राय स्कूल के सामने बलवंत राय स्कूल, जीके–II, ग्रेटर कैलाश, साउथ दिल्ली, दिल्ली–110048 **6) श्री संजीव जैन पुत्र एम. के. जैन,** पताः एच. नंबर 74, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग, नई दिल्ली–110092 और यह भीः डब्ल्यू–130, प्रथम तल, फ्लैट नंबर–2, बलवंत राय स्कूल के सामने, जीके–II, ग्रेटर कैलाश, साउथ दिल्ली, दिल्ली–110048 | बिक्री विलेख के अनुसार संपत्ति 74, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग, नई दिल्ली में श्री निर्मल जैन, श्री संजीव जैन और श्री मनीष जैन के नाम पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 250.00 वर्ग गज है। | (क) 03.01.2023 (ख) रु. 39,68,51,843/– (दिनांक 03.01.2023 के अनुसार) साथ भावी ब्याज + बैंक शुल्क + वसूली के लिए बैंक द्वारा लगाया गया कोई अन्य शुल्क (ग) 19.05.2023 (घ) भौतिक अधिग्रहण | क) रु. 10.75 करोड़ ख) रु. 1.075 करोड़ (23.07.2024 को या इससे पहले) ग) रु. 5,00,000/– घ) 18.07.2024 को सायं 05:00 से 06:00 बजे | 23.07.2024 को 11:00 से 04:00 बजे | ज्ञात नहीं | श्री पवन सिंह यादव मोबाइल नं.: 8595816855 |
| 2. | जोनल सस्त्र दिल्ली / **आरना एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड** / **1.) मेसर्स आरना एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड,** 12–ई, निचला तल, कमला नगर, नई दिल्ली 110007। **2.) श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र श्री जय नारायण गुप्ता** ई–157, भूतल, कमला नगर, दिल्ली – 110007 यह भी यहां: 4/24 रूप नगर, दिल्ली – 110007 यह भी यहां: ई–98, कमला नगर, दिल्ली –110007 यह भी यहां: 12–ई, निचला तल, कमला नगर, नई दिल्ली 110007। **3) श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी कपिल गुप्ता,** ई–157, ग्राउंड फ्लोर, कमला नगर, दिल्ली – 110007। यहां भी : 4/24 रूप नगर, दिल्ली – 110007 यहां भीः ई–98, कमला नगर, दिल्ली –110007 यहां भीः 12–ई, निचला ग्राउंड फ्लोर, कमला नगर, नई दिल्ली 110007। **4.) श्री कपिल गुप्ता पुत्र श्री राज कुमार गुप्ता,** ई–157, ग्राउंड फ्लोर, कमला नगर, दिल्ली – 110007 यहां भीः 4/24 रूप नगर, दिल्ली – 110007 यहां भीः 12–ई, निचला ग्राउंड फ्लोर, कमला नगर, नई दिल्ली 110007। **5.) श्रीमती पिंकी गुप्ता पत्नी राज कुमार गुप्ता,** ई–157, ग्राउंड फ्लोर, कमला नगर, दिल्ली – 110007 इसके अलावाः 4/24 रूप नगर, दिल्ली – 110007 इसके अलावाः ई–98, कमला नगर, दिल्ली –110007, इसके अलावाः 12–ई, लोवर ग्राउंड फ्लोर, कमला नगर, नई दिल्ली 110007 | बिक्री विलेख के अनुसार पहली मंजिल पर प्लॉट नंबर 12–ई, कमला नगर, दिल्ली – 110007 बिना छत के अधिकार के 193.19 वर्ग मीटर (231.10 वर्ग गज) में स्थित श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र स्व. जे. एन. गुप्ता के नाम पर स्थित है। | (क) 26.05.2024 (ख) रु. 57,42,07,164.39/– (दिनांक 26.05.2014 के अनुसार) साथ में भावी ब्याज और बैंक शुल्क और वसूली के लिए बैंक द्वारा लगाए गए अन्य शुल्क (ग) 22.08.2014 (घ) भौतिक अधिग्रहण | क) रु. 2.27 करोड़ ख) रु. 0.26 करोड़ (23.07.2024 को या इससे पहले) ग) रु. 2,00,000/– घ) 19.07.2024 को 05:00 से 06:00 बजे | 23.07.2024 को 11:00 से 04:00 बजे | ज्ञात नहीं | श्री पवन सिंह यादव मोबाइल नं.: 8595816855 |

**ई–नीलामी विक्रय के नियम एवं शर्तें :** विक्रय, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अन्य शर्तों के अधीन होगा : (1) संपत्तियों का विक्रय, **"जैसी हैं जहां हैं आधार", "जैसी हैं जो हैं आधार" और "वहां जो कुछ भी हैं आधार"** पर किया जा रहा है। (2) यहां इसमें उपरोक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रतिभूत परिसंपत्तियों के विवरण यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार संवर्णित किए गए हैं, तथापि प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में होनेवाली/हुई किसी त्रुटि, त्रुटिपूर्ण–विवरण अथवा चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होंगे। (3) प्रतिभूत परिसंपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जायेगा। प्रथम बोलीदान, आरक्षित मूल्य से अधिक किसी भी राशि पर आरंभ होना चाहिये। (4) विक्रय, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उपरोक्त विनिर्दिष्ट नीलामी की तिथि एवं समय पर वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध ई–नीलामी मंच के माध्यम से किया जाएगा। (5) विक्रय के भावी विवरणों तथा संपूर्ण नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया **www.ibapi.in, www.mstcecommerce.com, https://eprocure.gov.in/epublish/app** का संदर्भ ग्रहण करें।

**सरफॉएसि अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत सांविधिक विक्रय सूचना**

दिनांक : 03–07–2024, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक